कार्यालय, प्रधानाचार्य, महर्षिदेवरहाबाबास्वशासीराज्य चिकित्सामहाविद्यालय, देवरिया, उ0प्र0 274001
Office, Principal, MaharshiDevarha Baba Autonomous State Medical College, Deoria, UP-274001
Website: - mdbmc.in Tel.No- 05568297433 email: - mdbmc2022@gmail.com

पत्रांकः–मे0का0दे0 / विज्ञप्ति / 2022–23 दिनांक- 27/02/2023

विज्ञप्ति

महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया उत्तर प्रदेश में विभिन्न विभागों में सृजित सीनियर रेजीडेन्ट के पदों पर एन0एम0सी0 मानको को पूर्ण किये जाने / जनहित / शोध कार्य हेतु अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही वॉक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview) के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किये जाने हेतु नियमानुसार पदों का विवरण निम्नवत है–

सीनियर रेजीडेन्ट वेतनमान (रूपये) 15600–39100 ग्रेड पे 6600
जूनयिर रेजीडेन्ट / ट्यूटर (रूपये) 15600–39100 ग्रेड पे 5400

क्र.सं.	विशिष्टता	सीनियर रेजीडेन्ट / जूनियर रेजीडेन्ट			
		GEN.	OBC	SC	EWS
01	PHARMACOLOGY	01	—	01	—
02	PATHOLOGY	01	01	—	01
03	MICROBIOLOGY	02	—	01	—
04	FORENSIC MEDICINE	—	01	—	—
05	COMMUNITY MEDICINE	01	—	01	—
06	DENTISTRY	—	01	—	—
कुल योग		05	03	03	01

इसके अतिरिक्त चिकित्सालय के सुचारू रूप से संचालन हेतु विभिन्न विभागों में निर्धारित श्रेणी के जूनियर रेजीडेन्ट की भी आवश्यकता है।

उक्त पदों हेतु इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र के साथ अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, अन्य प्रमाण पत्रों एवं उनकी एक–एक स्वप्रमाणित छाया प्रति के साथ उक्त साक्षात्कार हेतु दिनांक 02.03.2023 से प्रत्येक बुधवार को पदों के रिक्त रहने तक कार्यालय प्रधानाचार्य कार्यालय महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया में पूर्वान्ह 11:00 बजे उपस्थित हों।

उपरोक्त पदों हेतु शैक्षणिक अर्हता एन0एम0सी0 मानको के अनुरूप होगी। चयन विभागीय नियमावली एवं समय–समय पर जारी शासनादेशों / नियमें के अनुसार किया जायेगा। ओ0बी0सी0 श्रेणी के अभ्यर्थियों को नवीनतम जाति प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। आरक्षित श्रेणी के पद पर 03 बार साक्षात्कार होने के उपरांत भी आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी के उपलब्ध नही होता है, तो उस आरक्षित श्रेणी के पद को सामान्य श्रेणी के पद से भरा जायेगा। EWS श्रेणी के मानकानुसार EWS वर्ग के रिक्त पदों को Carry Forward या बैकलॉग चिन्हित नही किया जायेगा। EWS श्रेणी के पदों के न भरने की स्थिति में केवल UR श्रेणी के आवेदन स्वीकार होंगे।

आवेदन पत्र का प्रारूप महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण के वेबसाइट http://updgme.gov.in एवं कालेज की वेबसाइट www.mdbmc.in पर उपलब्ध है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र साक्षात्कार के समय लेकर आयें। भविष्य में पदो के रिक्त रहने पर सप्ताह के प्रत्येक बुधवार (अवकाश के दिवस को छोड़कर) को साक्षात्कार आयोजित होते रहेंगें। साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को एक दिवस पूर्व कालेज को अवगत कराना होगा।

नोट– पदों की संख्या घट बढ़ सकती है।

प्रधानाचार्य,
महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य
चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया।

पत्रांकः–मे0का0दे0 / विज्ञप्ति / 2022–23/1614 तद्दिनांकित

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
02. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण जवाहर भवन लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को महानिदेशालय की वेबसाइट www.dgme.up.gov.in पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
03. मंडलायुक्त, गोरखपुर मंडल, गोरखपुर।
04. जिलाधिकारी, देवरिया / जिला सूचना विज्ञान अधिकारी देवरिया को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को जिला देवरिया की वेबसाइट https://deoria.nic.in पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
05. प्रभारी वेबसाइट, महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया को इस निर्देश के साथ कि उक्त विज्ञापन को कालेज बेवसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
06. जिला सूचना अधिकारी, देवरिया को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उपरोक्त विज्ञापन को एक अंग्रेजी एवं एक हिन्दी समाचार पत्र में स्पष्ट पठनीय न्यूनतम माप में विज्ञापित कराने का कष्ट करें। तदुपरान्त बिल की प्रमाणित प्रतिलिपि अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रेषित करें, जिससे नियमानुसार भुगतान किया जा सके।
07. समस्त नोटिस बोर्ड।

प्रधानाचार्य,
महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य
चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया।